# 10 बैठक व्यवस्था - नवीनतम पैर्टन पर आधारित प्रश्न

## (SITTING ARRANGEMENT- QUESTIONS BASED ON LATEST PATTERN)

**निर्देश (1 - 5): दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए-**

A, B, C, D, E, F, G एवं H एक केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत में बैठे हैं। प्रत्येक व्यक्ति एक अलग व्यवसाय से है जैसे- डॉक्टर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, शिक्षक, क्लर्क, दुकानदार, व्यापारी एवं बैंककर्मी।

A शिक्षक के दाहिने तरफ तीसरे स्थान पर है। D, G के बायें दूसरे स्थान पर है। G, शिक्षक के एकदम बगल में नहीं है। B जो एक दुकानदार है एवं शिक्षक के बीच में सिर्फ एक व्यक्ति है। जो आर्किटेक्ट है वह दुकानदार के दाहिने तीसरे स्थान पर है। H का स्थान आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर के बीच है। E, H के एकदम बगल में नहीं है। इंजीनियर क्लर्क के दाहिने तीसरे स्थान पर बैठा है। व्यापारी एवं F के बीच सिर्फ एक व्यक्ति है। E ना तो व्यापारी है और ना ही डॉक्टर।

1. बैठक व्यवस्था के अनुसार निम्न में से सही विकल्प का चुनाव करें?
(1) E इंजीनियर के एकदम बगल में है।
(2) E एक आर्किटेक्ट है।
(3) क्लर्क बैंककर्मी के एकदम बगल में है।
(4) शिक्षक का स्थान H एवं इंजीनियर के बीच में है।
(5) दुकानदार शिक्षक के दाहिने दूसरे स्थान पर है।

2. H किस व्यवसाय से संबंध रखता है?
(1) व्यापार (2) आर्किटेक्ट (3) बैंककर्मी
(4) शिक्षक (5) दुकानदार

3. बैंककर्मी के संबंध में डॉक्टर का क्या स्थान है?
(1) एकदम बायें (2) दायें से तीसरा (3) दायें से दूसरा
(4) बायें से चौथा (5) बायें से दूसरा

4. आर्किटेक्ट एवं व्यापारी के बीच कौन बैठा है?
(1) C एवं H (2) क्लर्क
(3) बैंककर्मी एवं दुकानदार (4) डॉक्टर
(5) C एवं शिक्षक

5. इनमें से कौन क्लर्क है?
(1) C (2) D (3) E (4) F (5) G

**निर्देश (6 - 10): दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए:**

बारह लोग दो समानांतर पंक्तियों में, प्रत्येक पंक्ति में छह लोग इस प्रकार बैठे हैं कि अगल-बगल के व्यक्ति से बीच एक समान दूरी है। पंक्ति- 1 में P, Q, R, S, T और V बैठे हैं और सभी का मुँह दक्षिण की ओर है। पंक्ति-2 में A, B, C, D, E व F बैठे हैं और सभी का मुँह उत्तर की ओर है। इस प्रकार, बैठने की दी गई व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक व्यक्ति का मुँह दूसरी पंक्ति में बैठे प्रत्येक व्यक्ति के सामने है।

P, T के बाएं को तीसरे स्थान पर बैठा है। न तो P, न ही T पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठा है। A, E के दाएं को दूसरे स्थान पर बैठा है। न तो A, न ही E, T या P के सामने है। A, किसी एक अंतिम छोर पर नहीं बैठा है। R, A के सामने नहीं है और R पंक्ति के अंतिम छोर पर नहीं बैठा है। F एवं C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। न तो F, न ही C, T के सामने है। C किसी एक अंतिम छोर पर नहीं बैठा है। V व Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F, B के बगल में नहीं बैठा है और A, V के सामने नहीं है।

6. B और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(1) एक (2) दो (3) तीन (4) चार (5) कोई नहीं

7. V का B से वही संबंध है जो Q का C से है। इसी पैर्टन के अनुसार P का संबंध निम्न में से किसके साथ है?
(1) F (2) A (3) D (4) E (5) इनमें से कोई नहीं

8. V के संबंध में निम्न में से कौन सत्य है?
(1) V, A के सामने है
(2) T, V के एकदम बगल में नहीं बैठा है।
(3) C, उसके सामने है जो V के बाएं को दूसरा है
(4) V, पंक्ति के एक अंतिम छोर पर बैठा है
(5) R, V के दाएं को तीसरे स्थान पर बैठा है

9. निम्न में से कौन पंक्ति के अंतिम छोरों पर बैठा हैं?
(1) D, F (2) V, S (3) Q, S (4) B, D (5) इनमें से कोई नहीं

10. निम्न में से B के सामने कौन है?
(1) V (2) S (3) Q (4) R (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (11 - 16): दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए:**

J, P, Q, R, S, T, U और V चार विवाहित जोड़े हैं जो केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत में बैठे हैं। पुरूषों के बीच व्यवसाय इस प्रकार है- लेक्चरर, वकील, डॉक्टर और वैज्ञानिक। पुरूषों में से सिर्फ R (वकील) और V (वैज्ञानिक) एक साथ बैठे हैं। प्रत्येक पुरूष अपनी पत्नी के बगल में बैठा है। लेक्चरर की पत्नी U, V के दाएं को दूसरे स्थान पर बैठी है। T का स्थान U और V के बीच में है। P डॉक्टर की पत्नी है। Q एक पुरूष है परन्तु वह डॉक्टर नहीं है। S एक पुरूष है।

11. S के संबंध में P का स्थान निम्न में से कौन-सा है?
(1) दाएं को दूसरा (2) बाएं को दूसरा
(3) एकदम दाएं को (4) एकदम बाएं को
(5) बाएं को तीसरा

12. T के संबंध में J का स्थान निम्न में से कौन-सा है?
(1) बाएं को तीसरा (2) दाएं को चौथा
(3) दाएं को तीसरा (4) T के सामने
(5) दाएं को दूसरा

www.pdfadda.com
Paramount Coaching Centre

13. ... के बारे में निम्न में से कौन-सा सत्य नहीं है?

(1) P, S की पत्नी है (2) T, Q की पत्नी है

(3) R, J का पति है (4) J व S अगल-बगल बैठे है

(5) सभी सत्य है

14. किन दो पतियों की पत्नियां अगल-बगल बैठी हैं?

(1) UT (2) SR (3) VQ (4) RV (5) इनमें से कोई नहीं

15. उपरोक्त व्यवस्था में बैठने के स्थान के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो इस समूह में नहीं आता है?

(1) RSJ (2) TRV (3) UTV (4) SQP (5) UPQ

16. वकील की पत्नी कौन है?

(1) T (2) P (3) J (4) U (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (17 - 21): दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए:**

सात व्यक्ति - A, B, C, D, E, F और G एक वृत में बैठे हैं। उनमें से पाँच का मुँह केन्द्र की ओर है जबकि दो का मुंह केंद्र से विपरीत दिशा में है। C, D के बाएं को तीसरे स्थान पर हैं और दोनों का मुँह केंद्र की ओर है। E न तो D के, न ही C के बगल में बैठा है। जो D व F के ठीक बीच में बैठा है उसका मुँह केंद्र से विपरीत दिशा में है। G, A के दाएं को तीसरे स्थान पर बैठा है और उसका मुँह केंद्र की ओर है। B के बगल में बैठे एक व्यक्ति का मुँह केंद्र से विपरीत दिशा में है।

17. निम्न में से कौन-सा जोड़ा केंद्र से विपरीत दिशा में मुँह किए हुए व्यक्तियों को निरूपित करता है?

(1) A और F (2) E और F (3) A और E

(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

18. A के बाएं को दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

(1) C (2) G (3) E (4) B (5) इनमें से कोई नहीं

19. E की बायें बगल में कौन बैठा है?

(1) C (2) G (3) B (4) A (5) इनमें से कोई नहीं

20. B के संबंध में F का स्थान कौन-सा है?

(1) बाएं का चौथा (2) दाएं को दूसरा

(3) दाएं को तीसरा (4) बाएं को दूसरा

(5) इनमें से कोई नहीं

21. यदि सभी व्यक्तियों को A से आरंभ करके वर्णानुक्रम से?ड़ी की दिशा में बैठने के लिए कहा जाए तो A को छोड़कर कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

(1) तीन (2) एक (3) दो (4) चार (5) कोई नहीं

**निर्देश (22 - 26): दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए:**

आठ दोस्त P, Q, R, S, T, V, W और Y एक वर्गाकार टेबल के चारों तरफ इस प्रकार बैठे हैं कि चार दोस्त चार कोनों पर बैठे हैं जबकि चार प्रत्येक भुजाओं के बीच में। जो चार दोस्त चार कोने पर बैठे हैं वे केंद्र की तरफ मुँह करके बैठे हैं जबकि बाकी चार जो भुजाओं के बीच में बैठे हैं बाहर के तरफ मुँह करके बैठे हैं। P जो केंद्र की ओर मुँह करके बैठा है V के दाहिने तीसरे स्थान पर है। ... बगल में नहीं है। V और W के बीच सिर्फ एक व्यक्ति है। S, Q के दाहिने दूसरे स्थान पर है। Q केन्द्र के तरफ मुँह कर के बैठा है। R, P के एकदम बगल में नहीं बैठा है।

22. Q के बायें दूसरा कौन है?

(1) V (2) P (3) T

(4) Y (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

23. T का स्थान V के सापेक्ष क्या है?

(1) बायें से चौथा (2) बायें से दूसरा (3) बायें से तीसरा

(4) दायें से तीसरा (5) दायें से दूसरा

24. निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो उस समूह में नहीं आता है?

(1) R (2) W (3) V (4) S (5) Y

25. दी गई बैठने की व्यवस्था के आधार पर प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

WP TR QW RS ?

(1) YT (2) VY (3) VQ (4) PY (5) QV

26. R के संबंध में सही कथन क्या है?

(1) R, V के बगल में है

(2) R का मुँह केन्द्र की ओर है

(3) R, T और S के बीच में है

(4) Q, R के बायें तीसरा है

(5) कोई सत्य नहीं है

**निर्देश (27 - 31): दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए:**

बारह लोग दो समानांतर पंक्तियों में, प्रत्येक में छह लोग इस प्रकार बैठे हैं कि अगल-बगल के व्यक्तियों के बीच एक समान दूरी है। पंक्ति- 1 में P, Q, R, S, T व V बैठे हैं और उन सभी का मुँह दक्षिण की ओर है। पंक्ति- 2 में A, B, C, D, E व F बैठे हैं और इन सभी का मुँह उत्तर की ओर है। इसलिए बैठने की दी गई व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे हुए प्रत्येक व्यक्ति का मुँह दूसरी पंक्ति में बैठे हुए प्रत्येक व्यक्ति की ओर है।

A, D के दाएं को तीसरे स्थान पर बैठा है। न तो A न ही D अंतिम छोर पर है। T का मुँह D की ओर है। V, A के सामने नहीं है और V किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। V, T के बगल में नहीं बैठा है। B किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है। B एवं E के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। E, V के सामने नहीं है। R व Q के बीच दो लोग बैठे हैं। R, T के बगल में नहीं बैठा है। C, V के सामने नहीं है। P, R के बगल में नहीं बैठा है।

27. पंक्ति के अंतिम छोरों पर निम्न में से कौन बैठे हैं?

(1) B, E (2) S, T (3) P, R (4) B, F (5) इनमें से कोई नहीं

28. निम्न में से A के सामने कौन है?

(1) R (2) T (3) P (4) Q (5) S

29. P का V से वही संबंध है जो C का F से है। इसी पैटर्न के अनुसार E का संबंध निम्न में से किसके साथ है?

(1) B (2) D (3) C (4) A (5) इनमें से कोई नहीं

30. F के संबंध में निम्न में से कौन-सा सत्य है?

(1) F, C के दाएं को दूसरे स्थान पर बैठा है

(2) F, A के बगल में नहीं बैठा है

(3) F, D के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है

(4) F पंक्ति के एक अंतिम छोर पर बैठा है

(5) F, V के सामने है

31. P व Q के ठीक बीच में निम्न में से कौन बैठा है?

(1) R (2) V (3) S

(4) T (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता है

**निर्देश (32 - 36): दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए:**

S, R, N, L, M, T, O और P आठ लोग केन्द्रोन्मुख होकर एक वृत में बैठे हैं। रिपोर्टर, डॉक्टर, क्रिकेटर, शिक्षक, लेखाकार, दुकानदार, पेंटर और सुपरवाइजर ये उन आठों के अलग-अलग व्यवसाय है। जरूरी नहीं कि वे इस उल्लिखित क्रम में बैठे हैं।

M, O के बायें तीसरा बैठा है। डॉक्टर M के तुरंत दांये है और M रिपोर्टर नहीं है। R, P के दायें चौथा बैठा है। न तो R और न ही P, M का निकटतम पड़ोसी है। T एक शिक्षक है और डॉक्टर के दायें तीसरा बैठा है। दुकानदार शिक्षक के बायें दूसरा बैठा है। पेंटर, M के बायें दूसरा बैठा है। क्रिकेटर S, T और P के ठीक बीच में बैठा है। लेखाकार, क्रिकेटर के दांये दूसरा बैठा है। N, T के बायें तीसरा बैठा है।

32. निम्नलिखित में से कौन रिपोर्टर है?

(1) O (2) L (3) N (4) R (5) इनमें से कोई नहीं

33. R के संदर्भ में S का स्थान क्या है?

(1) दायें तीसरा (2) दायें दूसरा (3) बायें तीसरा

(4) बायें दूसरा (5) दायें चौथा

34. N से घड़ी की विपरीत दिशा में गिनने पर P और N के बीच कितने लोग बैठे हैं?

(1) एक (2) दो (3) तीन (4) चार (5) कोई नहीं

35. उपरोक्त व्यवस्था में अपने स्थान के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार जोड़े समान है अत: उनका एक समूह बनता है। निम्नलिखित में से कौन-सा इस समूह में नहीं आता है?

(1) शिक्षक-पेंटर (2) सुपरवाइजर-दुकानदार

(3) क्रिकेटर-रिपोर्टर (4) डॉक्टर-लेखाकार

(5) दुकानदार-डॉक्टर

36. ऊपर कथित व्यवस्था के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(1) N, सुपरवाइजर के तुरंत दायें है।

(2) क्रिकेटर, दुकानदार के दांये तीसरा है।

(3) डॉक्टर, सुपरवाइजर और लेखाकार के ठीक बीच में बैठा है।

(4) L न तो शिक्षक है और न ही सुपरवाइजर है।

(5) S और N के बीच केवल तीन लोग है।

**निर्देश (37 - 42): दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए:**

K, L, M, P, Q, R, S और T एक वर्गाकार मेज के गिर्द इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार वर्ग के चारों कोनों पर बैठे हैं जबकि अन्य चार चारों भुजाओं में प्रत्येक के बीच में बैठे हैं। जो कोनों पर बैठे हैं उनका मुँह बाहर की ओर है और जो भुजाओं के बीच बैठे हैं उनका मुँह मेज के केंद्र की ओर है।

P, S के दाएं को तीसरे स्थान पर बैठा है। S का मुँह केंद्र की ओर है। Q, M के बाएं को तीसरे स्थान पर बैठा है। M, भुजाओं के मध्य में नहीं बैठा है। Q व R के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, M के बगल में नहीं बैठा है। T का मुँह केंद्र की ओर है। K, R के बगल में नहीं बैठा है।

37. L के संबंध में M का स्थान कौन-सा है?

(1) दाएं को तीसरा

(2) M व L एक दूसरे के सामने तिरछे बैठे हैं

(3) दाएं को दूसरा (4) बाएं को दूसरा

(5) दाएं को पाँचवाँ

38. Q व R के ठीक बीच में कौन बैठा है?

(1) T (2) P (3) K (4) M (5) S और K

39. निम्न में से कौन-सा जोड़ा भुजाओ के मध्य में बैठे उन व्यक्तियों को निरूपित करता है जिनका मुँह एक दूसरे के सामने है?

(1) S, Q (2) K, L (3) M, P (4) R, T (5) T, Q

40. K सोड़ी से उल्टी दिशा में गिना जाए तो R व K के बीच में कौन बैठा होगा?

(1) R व K के बीच कोई नहीं बैठा है क्योंकि R व K एक दूसरे के बगल में बैठे हैं।

(2) S, P व L (3) P व Q

(4) L व R (5) M, S व T

41. यदि K को विपरीत दिशा में बिठाया जाए, तो उसकी दाई बगल में कौन बैठा होगा?

(1) R (2) Q (3) P (4) T (5) S

42. निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान है, इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो उस समूह में नहीं आता है?

(1) L (2) M (3) K (4) P (5) R

**निर्देश (43 - 47): निम्नलिखित सूचना को ध्यान से पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:**

A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर केन्द्र की ओर मुँह करके इस प्रकार बैठे हुए हैं कि उनमें से चार व्यक्ति वर्ग के चारों कोनों पर हैं जबकि चार उनकी प्रत्येक भुजा के मध्य में हैं।

(a) A, F की दाई ओर दूसरा बैठा है। F मेज की एक भुजा के मध्य में बैठा है।

(b) G, जो मेज की किसी भी कोने पर नहीं बैठा है, D की दाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

(c) D और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं (एक भुजा से लेकर)

(d) C, G के बिल्कुल बगल में नहीं बैठा है

(e) H, B के बाई ओर दूसरा स्थान पर बैठा है

(f) E, G या F के बिल्कुल बगल में नहीं बैठा है।

... नहीं है?

(1) B (2) C (3) E (4) H (5) इनमें से कोई नहीं

44. A से घड़ी की विपरीत दिशा में गिना जाए, तो A और H की बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(1) एक भी नहीं (2) एक (3) दो
(4) तीन (5) चार

45. उपर्युक्त व्यवस्था में निम्नलिखित पाँच में से चार में एक समानता है और उनका एक समूह बन जाता है। इनमें से कौन-सा व्यक्ति समूह में नहीं आता है?

(1) D (2) F (3) A (4) E (5) G

46. C के संदर्भ में F का स्थान कौन-सा है?

(1) बायें से तीसरा (2) तुरंत दायें (3) बायें से दूसरा
(4) दायें से तीसरा (5) तुरंत बायें

47. दी गई बैठने की व्यवस्था के आधार पर प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

AE EH HF ?

(1) FE (2) HC (3) FD (4) DB (5) FH

**निर्देश (48 - 52): निम्नलिखित सूचना को ध्यान से पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:**

A, B, C, D, E, F, G और H जो अलग-अलग कक्षा यथा 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 एवं 8 में पढ़ते है केन्द्र के तरफ मुँह करके बैठे हैं। C, H के दायें तीसरे स्थान पर है। H कक्षा 8 में पढ़ता है। F, E के बायें दूसरे स्थान पर है। E, C या H के एकदम बगल में नहीं है। जो कक्षा 1 में पढ़ता है वह E के एकदम बगल में है। H एवं कक्षा 7 के छात्र के बीच तीन छात्र बैठे हैं।

H, C एवं उसके एकदम बगल का छात्र कक्षा 2 में नहीं पढ़ता। कक्षा 2 में पढ़ने वाला छात्र एवं G के बीच में सिर्फ एक छात्र बैठा है। कक्षा 3 एवं 4 में पढ़ने वाले छात्र एक-दूसरे के समीप बैठे हैं। C ना तो कक्षा 4 में है और ना ही कक्षा 3 में। A एवं कक्षा 5 के छात्र के बीच सिर्फ एक छात्र है। A कक्षा 2 या 3 में नहीं पढ़ता। B कक्षा 2 मे नहीं पढ़ता।

48. G के समीप कौन बैठे हैं?

(1) A, B (2) E एवं कक्षा 2 का छात्र
(3) H एवं कक्षा 6 का छात्र
(4) E, F (5) A, D

49. अगर कक्षा 4 के छात्र के बायें हाथ से गिनती शुरू की जायें तो D एवं कक्षा 4 के छात्र के बीच कितने छात्र बैठे हैं?

(1) एक भी नहीं (2) एक (3) दो
(4) तीन (5) चार

50. निम्न में से कौन-सा विकल्प सत्य है?

(1) कक्षा 4 एवं 6 के बीच सिर्फ एक छात्र बैठा है।
(2) D कक्षा 2 में पढ़ता है।
(3) जो कक्षा 3 में पढ़ता है वह H के एकदम बगल में है।
(4) H एवं कक्षा 2 के छात्र के बीच सिर्फ एक छात्र है।
(5) इनमें से कोई नहीं।

51. निम्न में से कौन F के संदर्भ सही है?

(1) F कक्षा 5 में पढ़ता है।
(2) D और G, F ...
(3) F एवं कक्षा 4 के छात्र के बीच सिर्फ एक छात्र बैठा है।
(4) F, A के दायें दूसरे स्थान पर है।
(5) कोई विकल्प सत्य नहीं है।

52. निम्न में से कौन कक्षा 3 में पढ़ता है?

(1) C (2) F (3) G
(4) B (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**निर्देश (53 - 55): निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो उस समूह में नहीं आता है?**

53. (1) ED (2) FC (3) AH
(4) EG (5) CB

54. (1) BAH (2) EDG (3) CBF
(4) HGA (5) DFE

55. प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

G D B A ?

(1) E (2) F (3) C (4) H (5) A

**निर्देश (56 - 62): निम्नलिखित सूचना को ध्यान से पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:**

बारह लोग दो पंक्तियों में और प्रत्येक पंक्ति में छः लोग इस तरह बैठे हैं कि अगल-बगल के व्यक्ति के बीच एक समान दूरी है। पंक्ति- 1 में A, B, C, D, E और F बैठे हैं और उन सभी का मुँह दक्षिण की ओर है। पंक्ति- 2 में P, Q, R, S, T और V बैठे हैं और उन सभी का मुँह उत्तर की ओर है। इसलिए दी गई बैठने की व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुँह दूसरी पंक्ति में बैठे दूसरे सदस्य की ओर होगा।

V, S के दाएं को तीसरे स्थान पर बैठा है। S का मुँह F की ओर है और F पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। D, C के दाएं को तीसरे स्थान पर बैठा है। R का मुँह C की ओर है। जिसका मुँह E की ओर है, वह P के दाएं को तीसरे स्थान पर बैठा है। B व P पंक्ति के अंतिम छोरों पर नहीं बैठे हैं। T, V के बगल में और A, C के बगल में नहीं बैठा हैं।

56. B के संबंध में निम्न में से कौन-सा सत्य है?

(1) B, C की बाई बगल में बैठा है
(2) B का मुँह Q की ओर है
(3) B पंक्ति के बाएं छोर से चौथे स्थान पर बैठा है
(4) D व F, B के निकटतम पड़ोसी हैं।
(5) कोई सत्य नहीं

57. निम्न में से किसका मुँह D की ओर है?

(1) T (2) P (3) Q (4) R (5) इनमें से कोई नहीं

58. निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो उस समूह में नहीं आता है?

(1) D (2) S (3) V (4) T (5) A

59. निम्न में से कौन पंक्तियों के अंतिम छोरों पर बैठे व्यक्तियों को निरूपित करता है?

(1) R, F (2) T, A (3) D, R
(4) C, Q (5) S, A

... कौन है?

(1) D (2) B (3) E (4) A (5) इनमें से कोई नहीं

61. निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो उस समूह में नहीं आता है?


(1) B - T (2) A - Q (3) C - S (4) F - P (5) D - R

62. R व T के बीच कितने लोग बैठे?

(1) एक (2) दो (3) तीन (4) चार (5) कोई नहीं


**व्याख्यात्मक हल:**

**1-5.** हमें ज्ञात है कि केवल एक व्यक्ति B जो दुकानदार और अध्यापक है के बीच में बैठता है।





**प्रथम स्थिति** **द्वितीय स्थिति**

अब, हमें ज्ञात है कि एक जो आर्किटेक्ट है वह दुकानदार के दायें तीसरे स्थान पर बैठा है। इसके अलावा, A अध्यापक के दायें तीसरे स्थान पर बैठता है।





**प्रथम स्थिति** **द्वितीय स्थिति**

अब, हमें ज्ञात है कि H आर्किटेक्ट और इंजीनीयर के बीच बैठता है इंजीनियर भी क्लर्क के बायें आर्किटेक्ट तीसरे स्थान पर बैठता है।




**प्रथम स्थिति** **द्वितीय स्थिति**


अब D और G की स्थिति देखते है। हम जानते हैं; D, G के बायें दूसरे स्थान पर बैठा है G भी अध्यापक का एकदम पड़ोसी नहीं है।




**प्रथम स्थिति** **द्वितीय स्थिति**


स्थिति II निरस्त करें, क्योंकि हम D और G को दी गई शर्त के अनुसार नहीं बैठ सकते हैं।

अब E की स्थिति देखते हैं। चूंकि E, H का एकदम पड़ोसी नहीं है अतः हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि E, B और G के बीच बैठा है।





अब व्यापारी की स्थिति देखते हैं। हमें ज्ञात होता है कि केवल और F एक व्यक्ति व्यापारी और F के मध्य बैठा है और E, न हो तो व्यापारी है और न हो डॉक्टर है।

ध्यान से देखने पर एक निष्कर्ष निकालने में सहायता मिलती है कि A एक व्यापारी है और F एक आर्किटेक्ट है, इस प्रकार विलोपन से यह हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि C एक इंजीनियर है।





अब चूंकि E एक डॉक्टर नहीं है, हम निष्कर्ष किाल सकते है कि, यह D है जो डॉक्टर है जबकि E बैंकर है।

इस प्रकार पूर्ण जानकारी निम्नलिखित है।





1. 3, 2. 4, 3. 2, 4. 4, 5. 5

Paramount Coaching Centre



P और T की स्थिति देखते हैं। हमें ज्ञात है कि P, T के बांये तीसरे स्थान पर बैठा है। न तो P और न ही T कतार के एकदम अन्त में है।


इस प्रकार हमें प्राप्त होता है।




आगे बढ़ने के लिये निम्नलिखित संकेतों का प्रयोग करें।


- न तो A और न ही E, T अथवा P के सामने हैं।
- A एकदम अन्त में नहीं बैठा है।
- नहीं F और न ही C, T के सामने है।
- C एकदम अन्त में नहीं बैठता है।

अब हमें प्राप्त होता है।




अब, E और A की स्थिति देखते हैं। हम जानते हैं कि A, E के दांये दूसरे स्थान पर है। जैसे- E-A

तब हमें प्राप्त होता है-




अब, E और C की स्थितियों को व्यवस्थित करने पर, हमें ज्ञात होता है कि केवल एक व्यक्ति C के बीच में बैठा है। इस प्रकार F और C का क्रम होगा।

1. F - C

अथवा


2. C - F

हम F और C को क्रम में स्थान नहीं दे सकते है।


इस प्रकार F और C का क्रम होगा।

C - F


अत: हमें प्राप्त होता है-




पुन:, चूंकि F, B का एकदम पड़ोसी नहीं है, इस प्रकार हम निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि B, E और A के बीच बैठा है। इस प्रकार D कतार में बायें (उत्तर की ओर मुँह किए) C और F के बीच बैठा है।





अब R की स्थिति कतार में देखते हैं। हमें ज्ञात है कि R; A के सामने नहीं है और R कतार के एकदम अन्त में नहीं बैठता है। इस प्रकार, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि R, C के विपरीत बैठा है।





अब Q और V की स्थितियों का अवलोकन करते हैं। हमें ज्ञात है कि V और Q के बीच सिर्फ एक आदमी बैठा है। A, V के सामने भी नहीं हैं।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर हम यह निष्कर्ष निकाल सकते है कि V, E के विपरीत बैठा है जबकि Q, A विपरीत बैठा है। अब, सिर्फ एक व्यक्ति कतार में शेष है (जो दक्षिण की ओर मुँह किए हुए है) वह S है। S, F विपरीत बैठा है। इस प्रकार पूरी जानकारी निम्नलिखित है।





6. 2, 7. 1, 8. 4, 9. 2, 10. 5




$R_{(+)}$ [वकील] ⟶ $J_{(-)}$
$V_{(+)}$ [वैज्ञानिक] ⟶ $T_{(-)}$
$Q_{(+)}$ [लेक्चरर] ⟶ $U_{(-)}$
$S_{(+)}$ [डॉक्टर] ⟶ $P_{(-)}$


11. 4, 12. 1, 13.2, 14. 3, 15. 3, 16. 3

**17 - 21:**





17. 3, 18. 4, 19. 2, 20. 5, 21. 3

**22 - 26 :**





22. 2, 23. 3, 24. 4, 25. 1, 26. 3

**27 - 32:**





27. 3, 28. 5, 29. 1, 30. 5, 31. 4

**32 - 36:**





32. 1, 33. 1, 34. 4, 35. 5, 36. 3





37. 4, 38. 2, 39. 5, 40. 3, 41. 5, 42. 5

**43 - 47:**





43. 2, 44. 3, 45. 4, 46. 5, 47. 3

**48 - 55:**




48.3, 49.4, 50.2, 51.4,.
52.4, 53.4, 54.1, 55.3

**56 - 62:**




56. 4, 57. 1, 58. 2, 59. 2,
60. 3, 61. 5, 62. 2

Paramount Coaching Centre
www.pdfadda.com